

टीम को पता है कि वैभव में कितना टैलेंट है और वह क्या कर सकते हैं। लेकिन जो खिलाड़ी पिछले दो-तीन साल से लगातार प्रदर्शन कर रहा है, वह उस खिलाड़ी से आगे रहेगा, जिसने अभी टीम में कदम रखा है। - गौतम गंभीर

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, वैभव सूर्यवंशी के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## ओलिवियर पीक

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ओलिवियर पीक ने मैच में एक विकेट हासिल करके 24 साल पुराना एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने ब्रेंडन टेलर को आउट किया, जो इस मैच में उनका एकमात्र विकेट था। इस विकेट के साथ ही वह वनडे क्रिकेट में विकेट लेने वाले सबसे युवा ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर बन गए हैं। पीक ने यह उपलब्धि 20 साल और 7 दिन की उम्र में हासिल की, जिसके साथ ही उन्होंने साल 2002 में बना नाथन हॉरित्ज का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** फर्स्ट क्लास क्रिकेट में इंग्लैंड के जैक हॉब्स के नाम संपूर्ण फर्स्ट क्लास करियर में कुल 199 शतक दर्ज हैं।

# राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव 29 को

## 38 वोटर तय, सबसे ज्यादा 34 जिला क्रिकेट संघ सचिव, 6 पदों के लिये 98 पदाधिकारी मैदान में

**जयपुर 22 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव 29 सितंबर को होंगे। अब 38 मतदाता की छह सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। जिला क्रिकेट संघों को लेकर चली आपत्तियों और सुनवाई के बाद मंगलवार को चुनाव अधिकारी ए. के. पांडे ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी। साथ ही लंबे समय से विवादों में चल रहे चुनाव की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। चुनाव अधिकारी की ओर से जारी अंतिम मतदाता सूची में 38 लोगों को मतदान का अधिकार दिया गया है। इनमें सबसे बड़ी संख्या जिला क्रिकेट संघों के सचिवों की है। 34 जिला क्रिकेट संघों के सचिव की कार्यकारिणी चुनाव में मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनके अलावा जयपुर और नागौर की एड्हॉक कमेटियों के कन्वीनर, दो पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर भी मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं। वहीं सूची के मुताबिक 98 पदाधिकारी अब के 6 पदों के लिए चुनावी मैदान में हैं। इन्हीं में से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और सदस्य मिलेंगे।**

### 36 जिला संघों की कार्यकारिणी भी घोषित

चुनाव अधिकारी ने केवल वोटर लिस्ट ही जारी नहीं की, बल्कि 36 जिला क्रिकेट संघों की तीन सदस्यीय कार्यकारिणी की सूची भी जारी कर दी है। इन्हीं जिला संघों के पदाधिकारी की छह सदस्यीय कार्यकारिणी के चुनाव में उम्मीदवार बन सकते हैं।ऐसे में 98 नामों में से अब छह लोगों का चयन होगा। ये छह पदाधिकारी अगले कार्यकाल में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कमान संभालेंगे।

### जयपुर-नागौर में एडहॉक कमेटी, तीन जिलों में अध्यक्ष तो राजसमंद में कोषाध्यक्ष का पद खाली

हालांकि जिला संघों की स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं है। चुनाव अधिकारी की सूची में जयपुर और नागौर में एडहॉक कमेटी होने की बात सामने आई है। वहीं, बाड़मेर, बीकानेर और हनुमानगढ़ में अध्यक्ष का पद रिक्त है। इसके अलावा राजसमंद में कोषाध्यक्ष का पद खाली है। इसके बावजूद इन जिला संघों को चुनावी प्रक्रिया से बाहर नहीं किया गया है। ऐसे में अब चुनाव की पूरी प्रक्रिया इन्हीं परिस्थितियों के बीच आगे बढ़ेगी।

### 3 नए जिलों को भी चुनावी प्रक्रिया में जगह

चुनाव को लेकर सबसे अहम बात यह है कि तमाम विवादों और आपत्तियों के बावजूद चुनाव अधिकारी ने डीडवाना-कुचामन, बालोतरा और खैरथल-तिजारा को भी वोटर लिस्ट में शामिल करने के साथ चुनाव लड़ने के लिए योग्य माना है। इन जिलों की पात्रता को लेकर पहले से विवाद और आपत्तियां सामने आती रही थी। ऐसे में चुनाव अधिकारी के फैसले के बाद इन जिलों को चुनावी प्रक्रिया में जगह मिलना मुकाबले के समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। अब इन जिलों के प्रतिनिधियों को भी की चुनावी प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाने का मौका मिलेगा।

### कल से नामांकन, 29 को फैसला

फाइनल वोटर लिस्ट जारी होने के साथ ही अब चुनावी प्रक्रिया अगले चरण में प्रवेश कर गई है। 23 सितंबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद उम्मीदवारों की तस्वीर स्पष्ट होगी और छह पदों के लिए मुकाबला सामने आएगा।29 सितंबर को 38 मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसी मतदान के बाद तय होगा कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और सदस्य के पद पर कौन पहुंचेगा।

### विवादों के बीच चुनाव ने पकड़ा जोर

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव लंबे समय से विवादों और खींचतान के कारण चर्चा में रहा है। जिला संघों की पात्रता से लेकर वोटर लिस्ट और चुनाव में भागीदारी को लेकर लगातार सवाल उठते रहे। अब चुनाव अधिकारी की ओर से अंतिम वोटर लिस्ट और जिला संघों की कार्यकारिणी सूची जारी होने के बाद चुनावी प्रक्रिया को निर्णायक मोड़ मिल गया है। 38 वोटर, 98 दावेदार और के सिर्फ छह पद अब अगले सात दिन राजस्थान क्रिकेट की चुनावी राजनीति के लिहाज से बेहद अहम रहने वाले हैं। 23 सितंबर से नामांकन शुरू होने के साथ ही यह भी साफ हो जाएगा कि कौन किसके सामने ताल ठोक रहा है और किन पदों पर सीधा मुकाबला बनता है। 29 सितंबर को होने वाला मतदान राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की नई तस्वीर तय करेगा।

# एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने रिपब्लिक ऑफ कोरिया पर 63-31 की शानदार जीत दर्ज करते हुए लगातार दूसरा मैच जीता

**भारत ने लगातार रेडिंग और तीन ऑल आउट्स के दम पर शुरुआती बढ़त बना ली, जिससे आइची नागोया में अपने खिताब बचाव की अपराजित शुरुआत को और मज़बूत किया**



आइची, जापान, 22 सितंबर। भारत ने 2026 एशियाई खेलों में अपनी अपराजित लय को जारी रखते हुए मंगलवार सुबह टोकाई सिटिज़न्स जिम्नेज़ियम में ग्रुप के दूसरे मुकाबले में रिपब्लिक ऑफ़ कोरिया को दबदबे वाले प्रदर्शन के साथ 63-31 से हराया। कप्तान सुनील कुमार की टीम, जिसके कई रेडर्स और डिफेंडर्स प्रो कबड्डी लीग के परिचित नाम हैं, ने शुरुआत में ही मुकाबले पर नियंत्रण बना लिया और उसे कभी छोड़ा नहीं। भारतीय रेडिंग यूनिट पूरे मैच में बेहद सटीक रही, कोरिया के 23 आउट पॉइंट्स के मुकाबले 38 आउट पॉइंट्स हासिल किए, जबकि डिफेंस ने लगातार सफल टैकल्स के ज़रिए बार बार कोरिया की आक्रमण लय को रोक दिया।

भारत ने अंतराल तक 34-14 की बढ़त बना ली, जो केवल पहले हाफ में ही 23 आउट पॉइंट्स और सात बोनस पॉइंट्स पर आधारित थी, साथ ही दो ऑल आउट्स भी शामिल थे जिनका कोरिया के पास कोई जवाब नहीं था। कोरिया के रेडर्स भारतीय डिफेंस लाइन में जगह तलाशने के लिए संघर्ष करते रहे और ब्रेक से पहले केवल 10 टच पॉइंट्स ही हासिल कर पाए। दूसरे हाफ में भी वही पैटर्न जारी रहा। कोरिया ने थोड़ी अधिक लड़ाई दिखाई लेकिन वापसी की कोई संभावना नहीं बनी। भारत ने ब्रेक के बाद और 29 अंक जोड़े, एक और ऑल आउट किया और मैच में अपने बोनस पॉइंट्स की संख्या 17 तक पहुँचा दी। वहीं कोरिया ने 17 अंक जुटाए, लेकिन अंतर कम करने के लिए यह बिल्कुल पर्याप्त नहीं था। इस जीत के साथ भारत ग्रुप में शीर्ष पर बने रहने की दिशा में मज़बूती से आगे बढ़ रहा है। टीम ने लगातार मेज़बान जापान और कोरिया को हराया है। अब पुरुष टीम अगला मुकाबला बांग्लादेश से 23 सितंबर को खेलेगी, जहाँ वे पिछले दस संस्करणों में नौवें एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक की तलाश जारी रखेंगे।

# टेबल टेनिस में कुनेड के खिलाड़ियों का जलवा

पावटा, 22 सितंबर। जिले में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय टेबल टेनिस क्रीड़ा प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुनेड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की 17 वर्ष एवं 19 वर्ष वर्ग की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित ग्रामीण क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुनेड में किया जा रहा है। 20 से 23 सितंबर तक चल रही इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की करीब 45 टीमों के 150 खिलाड़ी हिस्सा लिया।

अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कड़े मुकाबलों के बीच कुनेड खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। राजकीय विद्यालय कुनेड के टेबल टेनिस कोच एवं नेशनल प्लेयर ऊषा यादव ने बताया कि ठाामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों को टेबल टेनिस जैसे खेल से जोड़ना चुनौतीपूर्ण कार्य है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय के खिलाड़ियों ने लगातार मेहनत कर जिले और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों में ठाामीण क्षेत्र के 60 से अधिक विद्यार्थी राज्य स्तर तक टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। विद्यालय में खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण देकर उनकी खेल प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है।

# तेजस्वी सिंह गहलोत बने महासचिव

## अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ ने नागोया, जापान में सफलतापूर्वक चुनाव सम्पन्न किये




नागोया, जापान, 22 सितम्बर। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ को यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि उसके चुनाव 22 सितम्बर 2026 को नागोया, जापान में चल रहे आइची-नागोया 2026 एशियाई खेलों के दौरान सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया एशियाई ओलंपिक परिषद और एशियाई कबड्डी महासंघ की निगरानी में पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से आयोजित की गई, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी के प्रशासन और प्रबंधन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चुनाव के पश्चात, आगामी कार्यकाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ का मार्गदर्शन करने हेतु 18 सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड समिति का गठन किया गया है।

**नवनिर्वाचित नेतृत्व इस प्रकार है:** विनोद कुमार तिवारी - अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत - महासचिव सोमप्रांचू - कोषाध्यक्ष नवनिर्वाचित कार्यकारी बोर्ड महाद्वीपों में के सदस्य महासंघों के साथ सामूहिक रूप से कार्य करेगा ताकि कबड्डी की अंतर्राष्ट्रीय संरचना को और सुदृढ़ किया जा सके, व्यापक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके, खिलाड़ियों और अधिकारियों का विकास किया जा सके और खेल की वैश्विक पहुंच का विस्तार किया जा सके। नागोया में चुनावों का सफल आयोजन अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह सुशासन, संस्थागत स्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और विश्व स्तर पर कबड्डी के निरंतर विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सभी सदस्य महासंघों, प्रतिनिधियों और हितधारकों का आभार व्यक्त करता है जिन्होंने चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया और सहयोग दिया। महासंघ शासन प्रक्रिया में विश्वास बनाए रखने के लिए एशियाई ओलंपिक परिषद के पर्यवेक्षण और सहयोग के महत्व को भी स्वीकार करता है।

# खिलाड़ी या मेंटॉर जहीर के हेड कोच बनने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने लगाई धोनी के भविष्य पर मुहर

नई दिल्ली, 22 सितंबर। चेन्नई सुपर किंग्स ने कन्फर्म कर दिया है कि टीम के हेड कोच के तौर पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान की नियुक्ति के बाद भी एमएस धोनी एक खिलाड़ी के तौर पर खेलते रहेंगे। कुछ महीने पहले आपसी सहमति से हेड कोच का पद छोड़ने वाले स्टीफन फ्लेमिंग की जगह लेने के लिए धोनी का नाम भी चर्चा में था। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि धोनी आधिकारिक तौर पर टीम के मेंटॉर की भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वह कई सालों से असल में टीम के टैक्टिकल हेड की तरह काम कर रहे थे। हालांकि सीएसके के मैनेजिंग डायरेक्टर काशी विश्वनाथन ने कहा कि दिग्गज विकेटकीपर के लिए ऐसी कोई भूमिका नहीं है। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार विश्वनाथन ने कहा कि धोनी एक खिलाड़ी के तौर पर उपलब्ध हैं। चोट की कुछ समस्याओं के कारण धोनी 2026 का पूरा सीजन नहीं खेल पाए थे। उन्होंने जान-बूझकर चेपॉक में मौजूद अपनी टीम के होम ग्राउंड एमए चिदंबरम स्टेडियम जाने से भी परहेज किया। माना जाता है कि ऐसा उन्होंने इसलिए किया, ताकि युवा टीम से लाइमलाइट (ध्यान) न छिन जाए। टीम में फैसले लेने की प्रक्रयिा में अभी भी शामिल: हालांकि विश्वनाथन ने संकेत दिया कि धोनी अभी कोचिंग की भूमिका नहीं संभालेंगे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह टीम में फैसले लेने की प्रक्रिया से दूर हो जाएंगे। टीम में उनका बहुत प्रभाव है औरजहीर की नियुक्ति उनकी मंज़ूरी के बिनानहीं हुई होती। धोनी हमेशा से जहीर के बड़े प्रशंसक रहे हैं और संभवत को उसके सुनहरे दिनों में वापस लाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करेंगे, इसका मतलब यह है कि जहीर को यह तय करना होगा कि की प्लेइंग 11 में धोनी की क्या भूमिका होगी। 45 साल की उम्र में धोनी के रिफ्लेक्स और खेल में निरंतरता (कंसिस्टेंसी) पहले जैसी नहीं रही है और इम्पैक्ट प्लेयर नियम के बावजूद उन्हें हर मैच में खिलाना टीम के लिए कमज़ोरी बन सकता है। जहीर को धोनी के सकारात्मक प्रभाव को बनाए रखने और भावनात्मक लगाव को मैदान पर टीम की सफलता पर असर न डालने देने के बीच संतुलन बनाना होगा।

# मांधना ने रचा इतिहास, इस मुकाम पर पहुंचने वाली बनी दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर



नई दिल्ली, 22 सितंबर। भारत की स्टार ओपनरस्मृति मांधानाने मंगलवार कोएशयिन गेम्स 2026के गोल्ड मेडल मैच में इतिहास रच दिया। वह महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में 11000 रन बनाने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बन गईं। मांधना ने आइची-नागोया में श्रीलंका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में भी अपना शानदार प्रदर्शन जा रखा और 79 रन की बेहतरीन पारी खेली। अपनी पारी के दौरान मांधना ने इतिहास रच दिया।

मांधना ने रचा अनोखा इतिहास: श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स के महिला क्रिकेट फ़ाइनल में उतरने से पहले मांधना इस अनोखे कारनामे से बस 13 रन दूर थीं। 30 साल की इस बाएं हाथ की बल्लेबाज ने श्रीलंका की महिला टीम के खिलाफ सिर्फ़ दस गेंदों में यह कारनामा कर इतिहास रच दिया। इस शानदार उपलब्धि के साथ न सिर्फ उन्होंने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया, बल्कि महिला 20 इंटरनेशनल में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी के तौर पर अपनी स्थिति और मज़बूत की। रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफ़ाइनल मैच में मांधाना 20 फ़ॉर्मेट में 100 छक्के लगाने वाली पहली महिला इंटरनेशनल क्रिकेटर बनी थी। सेमीफाइनल में मांधना न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स को पीछे छोड़ते हुए महिला टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाजी बनी थीं। एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला टीम के पूरे सफ़र के दौरान इस ओपनर का प्रदर्शन ज़बरदस्त रहा है।

मंधाना और शेफाली ने भारत को ज़बरदस्त शुरुआत दिलाई: भारत के पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद ओपनर मांधना और शेफाली ने पावरप्ले में आक्रामक खेल दिखाया और पहले विकेट के लिए सिर्फ 60 गेंदों में 99 रन बना दिये। हालांकि शेफाली अपनी शानदार हाफ़-सेंचुरी से बस दो रन दूर आउट हो गईं। मांधना ने 45 गेंदों में 79 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और सात छक्के लगाए। उनके आलवा ऋचा घोष ने 22 गेंदों में नॉटआउट 49 रन बनाए। शेफाली, मांधना और घोष की शानदार पारी की बदौलत भारत ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 216 रन बनाकर श्रीलंका के खलिाफ पहाड़ जैसी चुनौती रख दी।

# इंटरनेशनल डेब्यू करने से पहले भारतीय क्रिकेटर पर यौन उत्पीड़न का आरोप

## महिला ने खिलाड़ी के घर के बाहर दिया धरना

नई दिल्ली, 22 सितंबर। टीम इंडिया के साथ जापान दौरे पर गए विपराज निगम पर यौन उत्पीड़न और शारीरिक शोषण करने का आरोप है। नगिम मंगलवार को जापान के खिलाफ ऐतिहासिक एकमात्र 20 मैच में भारत के लिए अपना डेब्यू कर सकते हैं। वहएशयिन गेम्सका भी हिस्सा है। उन पर जुलाई 2025 में नोएडा के एक होटल में शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न और शारीरिक शोषण करने का आरोप है। जागरण की रपिोर्ट के अनुसार इस मामले में हैदराबाद की रहने वाली कथित पीड़िता रविवार को घंटों तक निगम के घर के बाहर बैठी रही। उसका कहना था कि वह क्रिकेटर से मिलना चाहती है। रिपोर्ट के मुताबिक क्रिकेटर के पिता ने महिला से फोन पर बात की और भरोसा दिलाया कि वे एक सप्ताह बाद बात करेंगे। महिला ने बताया कि वह कोई विवाद नहीं खड़ा करना चाहती थी और सिर्फ निगम से बात करना चाहती थी, जिन्हें चोटिल स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की जगह पहली बार इंटरनेशनल टीम में बुलाया गया है और जो 2026 एशियन गेम्स की टीम का भी हिस्सा होंगे। एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज: निगम और महिला दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराए हैं।

# इंग्लैंड के लिए 253 विकेट लेने वाले खतरनाक गेंदबाज ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास



नई दिल्ली, 22 सितम्बर। इंग्लैंड के खतरनाक तेज गेंदबाजमार्क वुड ने तुरंत प्रभाव से इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड के लिए खेलने वाले सबसे तेज गेंदबाजों में से एक 36 साल के वुड अपने पूरे करियर में चोटों से परेशान रहे हैं। डरहम के इस तेज गेंदबाज ने कोहनी की चोट और उसके बाद घुटने की सर्जरी के कारण 15 महीने तक बाहर रहने के बाद नवंबर में पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट में वापसी की थी। हालांकि उन्होंने सिर्फ़ 11 ओवर ही फेंके थे कि उनके उसी बाएं घुटने में सूजन आ गई और इसके बाद वे इलाज के लिए घर लौट आए। तब से उन्होंने इंग्लैंड के लिए कोई मैच नहीं खेला है। सोशल मीडिया पर एक बयान में वुड ने कहा कि पिछले साल को देखते हुए यह कोई हैरानी की बात नहीं है, लेकिन उनके कॉन्ट्रैक्ट के खत्म होने पर यह एक स्वाभाविक समय जैसा लगता है। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने हमेशा मुश्किलों का सामना करने और चोट से उबरकर लोगों को गलत साबित करने और यह दिखाने की कोशिश की है कि वह क्या कर सकते हैं। दुर्भाग्य से इस बार वह यह लड़ाई हार गए।

टेस्ट और 50-ओवर खेलना संभव नहीं: वुड ने कहा कि मेडिकल सलाह के अनुसार टेस्ट क्रिकेट और 50-ओवर का क्रिकेट खेलना संभव नहीं है, इसलिए पिछले एक साल में इंग्लैंड के लिए खेलने का सपना धीरे-धीरे खत्म हो गया है। इंग्लैंड के लिए खेलना उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान और एक सपना सच होने जैसा रहा है।

# श्रीलंका ने इंग्लैंड को 265 रन पर ऑलआउट किया

## ब्रुक की फिफ्टी के बाद बिखरी इंग्लिश पारी, कोलंबगे ने डेब्यू में 3 विकेट लिये

नई दिल्ली, 22 सितंबर। श्रीलंका ने पहले वनडे में इंग्लैंड को 48.1 ओवर में 265 रन पर ऑलआउट कर दिया। चेस्टर ली स्ट्रीट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हैरी ब्रुक ने 69 गेंद पर 67 रन बनाए। जो रूट ने 52 गेंद पर 44 रन बनाए। दोनों के बीच 68 रन की साझेदारी से इंग्लैंड मजबूत स्थिति में था, लेकिन श्रीलंका के स्पिनरों ने इसके बाद मैच का रुख बदल दिया।

डेब्यू कर रहे लेग स्पिनर सचिंदु कोलंबगे ने 10 ओवर में 44 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने रूट, जोस बटलर और जेमी ओवरटन को आउट किया। इंग्लैंड एक समय 31.1 ओवर में 182/3 था और 320 के आसपास का स्कोर आसानी से बनता दिख रहा था। ब्रुक 67 रन बनाकर आउट हुए और इसके बाद विकेट लगातार गिरने लगे।

जोस बटलर 31, रेहान अहमद 2 और जेमी ओवरटन 8 रन बनाकर लौटे। 38.5 ओवर में ओवरटन के आउट होने के साथ इंग्लैंड का स्कोर 211/7 हो गया। यानी 29 रन के अंदर टीम ने चार विकेट गंवा दिए। श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी खोज सचिंदु कोलंबगे रहे। 23 साल के इस लेग स्पिनर ने अपने पहले ही वनडे में जो रूट जैसा बड़ा विकेट हासिल किया। 22.3 ओवर में उन्होंने रूट को बोल्ड किया। रूट 44 रन बना चुके थे और ब्रुक के साथ इंग्लैंड की पारी संभाल रहे थे। इसके बाद कोलंबगे ने बटलर को और ओवरटन को बोल्ड कर अपना आंकड़ा 3 विकेट तक पहुंचाया। उनकी 10 ओवर की गेंदबाजी में 44 रन आए। इंग्लैंड ने शुरुआती 10 ओवर में 64 रन बनाए थे। बेन डकेट और रूट ने शुरुआत में तेज गेंदबाजों को संभलकर खेला, लेकिन स्पिन आने के बाद रन बनाना मुश्किल हो गया।




## फ्लडलाइट्स में खेला गया आर्मी सीडीआरएस कप (6 गोल्स) का मैच

# टीम जयपुर ने थंडरबोल्ट को एकतरफा मुकाबले में हराया

जयपुर, 22 सितंबर। वार्षिक सितम्बर जयपुर पोलो सीज़न 2026 के अंतर्गत मंगलवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर फ्लडलाइट्स में आर्मी सीडीआरएस कप (6 गोल्स) के लिए मुकाबला हुआ। नाइट पोलो के रोमांच के बीच टीम जयपुर और टीम टीम थंडरबोल्ट आमने-सामने हुईं। इस एकतरफा मुकाबले में टीम जयपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11-2.5 के स्कोर से टीम थंडरबोल्ट को मात दी। विजेता टीम जयपुर से हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और मार्टिन कार्लोस डोनोवन ने 4-4 गोल दागे। वहीं, विश्वराज सिंह ने 2 गोल और अक्षय मलिक ने 1 गोल किया। दूसरी ओर, टीम थंडरबोल्ट से लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान ने 1 गोल किया। टीम से मेजर एआरएस वारिच, मेजर अनंत राजपुरोहित और लेफ्टिनेंट कर्नल यतिंदर कुमार भी खेले। यहीं टीम थंडरबोल्ट को 1.5 गोल का एडवांटेज भी प्राप्त हुआ।

# भारतीय बेटियों का गोल्डन परफॉर्मेंस, श्रीलंका को रौंद हासिल किया सोने का तमगा

नई दिल्ली, 22 सितंबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने एशियन गेम्स गोल्ड मेडल का शानदार तरह से बचाव किया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने आइची-नागोया एशियन गेम्स-2026 मंगलवार को श्रीलंका को 147 रनों से हराते हुए अपने गोल्ड मेडल को बचाव किया और इसे अपने पास ही रखा है। ये इन खेलों में भारत का पहला गोल्ड है। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति मंधाना के शानदार 79 रनों के दम पर 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 216 रन बनाए। श्रीलंकाई टीम इस स्कोर के सामने 15.4 ओवरों में 69 ढेर हो गई।भारत ने जो स्कोर बनाया वो एशियाई खेलों के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है जिसके सामने श्रीलंका नतमस्कत हो गई। भारतीय बल्लेबाजों ने दिखाया दम: मंधाना की 45 गेंदों की पारी में सात छक्के और पांच चौके शामिल रहे। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़े और 17वें ओवर में आउट हुईं। अंत में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 22 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाकर पारी को शानदार ढंग से खत्म किया। शेफाली महज दो रनों से अर्धशतक से चूक गईं। उन्होंने 29 गेंदों पर तीन चौके और इतने ही छक्कों की मदद से 48 रन बनाए।

# खलिन ने करियर का सर्वश्रेष्ठ 61 का स्कोर बनाकर बेंगलुरु ओपन 2026 पावर्ड बाय इंडियन ऑयल में बनाई बढ़त




बेंगलुरु, 22 सितंबर। खलिन जोशी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ और बोगी-मुक्त 11-अंडर 61 का स्कोर बनाकर कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन (केजीए) में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले बेंगलुरु ओपन 2026 पावर्ड बाय इंडियनऑयल के शुरुआती राउंड के बाद चार शॉट की बढ़त हासिल की।

अपने घरेलू कोर्स पर खेल रहे बेंगलुरु के 34 वर्षीय जोशी ने टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में शानदार शुरुआत करते हुए पार-5 11वें होल पर एक ईगल और नौ बर्डी लगाई। जोशी पिछले सप्ताह नवा रायपुर ओपन के रूप में सत्र का अपना तीसरा डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई खिताब जीतकर बेंगलुरु पहुंचे हैं। उन्होंने सप्ताह की शुरुआत रेस टू डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में सातवें स्थान से की।

स्थानीय युवा खिलाड़ी मनोज एस ने भी बोगी-मुक्त प्रदर्शन करते हुए सात बर्डी की मदद से सात अंडर 65 का स्कोर बनाया। अठारह वर्षीय मनोज, जो सत्र की रैंकिंग में 31वें स्थान पर हैं, जोशी से चार शॉट पीछे दूसरे स्थान पर हैं। दिल्ली के 23 वर्षीय शौर्य भट्टाचार्य ने आठ बर्डी और दो बोगी की मदद से छह-अंडर 66 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने टूर्नामेंट की शुरुआत सत्र की रैंकिंग में 17वें स्थान से की।

बेंगलुरु के मारी मुथु आर., श्रीलंका के एन. थंगराजा, ग्रेटर नोएडा के मौजूदा रेस टू डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप शीर्ष खिलाड़ी सप्तक तलवार और दिल्ली के पूर्व एशियन टूर विजेता हिम्मत सिंह राय पांच-अंडर 67 के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इकतालीस वर्षीय मारी मुथु ने छह बर्डी और एक बोगी बनाई, जबकि 45 वर्षीय थंगराजा ने पांच बर्डी के साथ बोगी-मुक्त राउंड खेला।